Seat No. : _______________

LD-102-H

April-2014

B.Com. Sem.-VI

CC-307 : Fundamentals of Financial Management

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

1. (a) वित्तीय प्रबंध (Financial Management) का कार्यक्षेत्र स्पष्ट कीजिए । **6**

अथवा

आधुनिक समय में वित्तीय प्रबंधक की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

(b) वित्तीय प्रबंध में सम्पत्ति का महत्तमीकरण की धारणा (ख्याल) समझाइये । **4**

अथवा

वित्त कार्य का उत्पादन प्रबंध के साथ संबंध समझाइये ।

(c) वित्त कार्य का परम्परागत अभिगम समझाइये । **4**

अथवा

वित्तीय आयोजन में किन पहलुओं का समावेश किया जाता है ?

2. (a) पूँजी ढाँचे की रचना को प्रभावित करने वाले तत्त्वों की चर्चा कीजिए । **6**

अथवा

क्लासिक लिमिटेड ₹ 50,00,000 की पूँजी खड़ी करना चाहती है । इसके लिए वह ₹ 10 वाले इक्विटी शेयर प्रकाशित करना चाहती है तथा कुछ रकम वित्तीय कम्पनी से लोन लेना चाहती है । कम्पनी का कर एवं ब्याज से पूर्व का लाभ ₹ 15,00,000 अनुमानित किया गया है । कम्पनी पर कर का दर 40% है । वित्तीय कम्पनी की लोन पर ब्याज का दर ₹ 20,00,000 की लोन तक 12% तथा ₹ 20,00,000 से अधिक की रकम के लिए 15% है । पूँजी खड़ी करने के लिए कम्पनी दो विकल्पों पर विचार करती है ।

(1) इक्विटी शेयर पूँजी और लोन का अनुपात 3 : 2 रखना, अथवा

(2) इक्विटी शेयर पूँजी और लोन का अनुपात 2 : 3 रखना ।

प्रति शेयर आमदनी के आधार पर कम्पनी को कौन सा विकल्प पसंद करना चाहिए ?

(b) अधिपूँजीकरण की स्थिति का निवारण करने के उपायों का वर्णन कीजिए । **4**

अथवा

परिचालन लिवरेज (Operating leverage) की धारणा समझाइये ।

(c) अंशधारियों की जोखिम पर वित्तीय लिवरेज के प्रभावों को समझाइये । **4**

अथवा

दीर्घकालीन पूँजी के प्राप्ति स्थान के रूप में ऋणपत्र की मर्यादाएँ बताइये ।

3. (a) कार्यशील पूँजी की आवश्यकता किन तत्त्वों पर आधारित है ? **6**

अथवा

कार्यशील पूँजी के विभिन्न प्रकारों के बारे में जानकारी दीजिये ।

(b) कार्यशील पूँजी के लक्षण स्पष्ट कीजिए । **4**

अथवा

कार्यशील पूँजी प्रबंध के कोई दो सिद्धान्तों की चर्चा कीजिए ।

(c) अपर्याप्त कार्यशील पूँजी के भयस्थान क्या क्या हैं ? **4**

अथवा

कार्यशील पूँजी को चल पूँजी (Circulating Capital) क्यों कहते हैं ?

4. (a) नंदन लिमिटेड की पूँजी ढाँचा सम्बन्धी जानकारी निम्नानुसार है : **6**

विवरण	बही कीमत (₹)	बाज़ार कीमत (₹)	विशिष्ट लागत
50,000 इक्विटी शेयर	10	20	16%
3,000 ऋणपत्र	100	80	8%
2,000 अधिमान शेयर	50	45	10%
रोक रखी आमदनी ₹ 1,00,000	–	–	14%

उपरोक्त जानकारी के आधार पर नंदन लिमिटेड के लिए बही कीमत तथा बाज़ार कीमत को भार के आधार पर पूँजी की भारित औसत लागत ज्ञात कीजिए ।

अथवा

क्राउन लिमिटेड ₹ 22,00,000 की कीमत का एक यंत्र खरीदना चाहती है । इस यंत्र का अवशेष मूल्य इसके चार वर्ष के उपयोगी आयुष्य के अंत में ₹ 2,00,000 अनुमानित किया गया है । यंत्र पर घिसाई सीधी रेखा पद्धति से गिनी जाती है । कम्पनी की औसत पूँजी लागत 12% है । कम्पनी पर कर का दर 40% है । चार वर्ष के लिए इस यंत्र से कर घटाने के बाद का लाभ तथा 12% बट्टा की दर से ₹ 1 का वर्तमान मूल्य निम्नानुसार है :

वर्ष	**1**	**2**	**3**	**4**
कर घटाने के बाद लाभ (₹)	3,00,000	3,50,000	4,00,000	2,50,000
₹ 1 का वर्तमान मूल्य	0.893	0.797	0.712	0.636

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर :

(1) औसत विनियोग पर मुआवजा का दर तथा

(2) लाभदायकता सूचकांक की गणना कीजिए ।

(b) "रोकी रखी आमदनी की कोई लागत नहीं होती ।" क्या आप इस विधान से सहमत हो ? क्यों ? **4**

अथवा

पूँजी बजट की पे बैक पद्धति (Pay Back Method) समझाइये ।

(c) इक्विटी शेयर पूँजी की लागत की गणना करने के लिए लाभांश अभिगम समझाइये । **4**

अथवा

रोकड़ प्रवाह का वर्तमान मूल्य किसे कहते हैं ? इसकी गणना किस प्रकार से की जायेगी ?

5. (a) निम्नलिखित पद समझाइये : **6**

(1) वित्तीय प्रबंध

(2) अल्प पूँजीकरण

(3) पानीयुक्त पूँजी

(4) इक्विटी पर का व्यापार

(5) पूँजी की लागत

(6) पूँजी बजट

(b) निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त में उत्तर दीजिये : **8**

(1) वित्त कार्य के आधुनिक अभिगम अनुसार वित्त कार्य के तीन पहलू कौन से हैं ?

(2) लाभ का महत्तमीकरण किसे कहते हैं ?

(3) अधि पूँजीकरण के कारणों की सूची बनाइये ।

(4) दीर्घकालीन पूँजी के प्राप्ति स्थान कौन से हैं ?

(5) शुद्ध कार्यशील पूँजी का अर्थ दीजिये ।

(6) कार्यशील पूँजी के घटक कौन से हैं ?

(7) शोधनीय अधिमान अंश पूँजी की लागत की गणना करने का सूत्र दीजिये ।

(8) पूँजी बजट की विविध पद्धतियाँ बताइये ।